उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 02.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।









# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.06.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 02.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी है।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 02.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 02.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 शारिक मुराद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग दौरान थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु0अ0स0 48/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त नीरज श्रीवास पुत्र संतोष श्रीवास उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना मटौध जिला बांदा हाल निवास मुहल्ला कल्याण सागर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को थानाक्षेत्र अन्तर्गत छतरपुर रोड नया प्राइवेट बस स्टैण्ड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

नीरज श्रीवास पुत्र संतोष श्रीवास उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना मटौध जिला बांदा हाल निवास मुहल्ला कल्याण सागर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 शारिक मुराद थाना कोतवाली नगर महोबा
2. का0 दीपेश कुमार 3. म0का0 बबिता पाल



# MAHOBA POLICE

## Meticulous Investigation & Prosecution

**मारपीट, गालीगलौज एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी अभियुक्तों को न्यायालय उठने तक की सजा व 3000/- रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है...।**



श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप जे0एम0 कोर्ट कुलपहाड़ महोबा द्वारा मारपीट गालीगलौज एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने से सम्बन्धित आरोपी 02 अभियुक्तों को न्यायालय उठने तक की सजा व 3000/- रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है ।

**विवरण निम्नवत है:-**

थाना कुलपहाड़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 127/2012 धारा- 323/504/506 भादवि से सम्बंधित आरोपी 02 अभियुक्त क्रमशः 1.भाईलाल पुत्र मुन्नूलाल ढीमर 2.करन रैकवार पुत्र भाईलाल नि.गण कस्बा बेलाताल थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा को न्यायालय उठने तक की सजा व 3000/- रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।



महमूदुर रहमान,
सहायक अभियोजन अधिकारी



कां. राहुल,
पैरोकार थाना कुलपहाड़

# महोबा पुलिस



**◈पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति/कानून व्यवस्था एवं जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बों, बाजारों, धार्मिक स्थलो एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

**◈पैदल गस्त के दौरान अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।**

**📌 धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व ध्वनि यंत्रों का मानकों के अनुरुप संचालन कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।**

आज दिनांक 02.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद महोबा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में प्रमुख कस्बों, बाजार व मिश्रित आबादी वाले स्थानों में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से व्यस्तम भीड़- भाड़ वाले प्रमुख स्थानो, धार्मिक स्थलों एवं सार्वाजनिक स्थानों आल्हा चौक, ऊदल चौक, खनगा बाजार,नागर पलिका तिराहा, तहसील तिराहा आदि मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर पैदल गस्त की गयी।

पैदल गश्त के दौरान आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में उनसे संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए प्रत्येक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस बल को तैनात किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। रात्रि डयूटियाँ एवं रात्रि पुलिस मोबाइल द्वारा विशेष सतर्कतापूर्वक लगातार भ्रमणशील रहते हुए गस्त करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.06.2025

मीडिया सेल, महोबा